# कार्यालय संकायध्यक्ष (कृषि)
## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
## OFFICE OF FACULTY CHAIRMAN (AGRICULTURE)
## AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR

Prof. B.S. Bhimawat
Faculty Chairman
(Agriculture)

Phone: 0291-2572565 (O)
email: coajodhpur@gmail.com


Date : 21-08-2020

## प्रेस नोट

## प्रो. बी. आर. चौधरी, माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का उपलब्धियों भरा एक वर्ष पूर्ण ।

राज्य सरकार की अनुसंशा उपरांत राजभवन, जयपुर द्वारा प्रो. बी.आर. चौधरी की नियुक्ति कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति के पद पर दिनांक 21.08.2019 को हुई जिसकी अनुपालना में प्रौ0 चौधरी ने दिनांक 22.08.2019 को विधिवत् रूप से कुलपति कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का पदभार ग्रहण किया। प्रौ.चौधरी के आज पूर्ण हुऐ एक वर्ष के कार्यकाल में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने चहुँमूखी विकास किया है, जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

1. माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2020 में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को दो नवीन संकाय डेयरी प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी स्वीकृत किये गये जिनमें से डेयरी प्रौद्योगिकी संकाय में इसी अकदामिक वर्ष से स्नातक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। माननीय कुलपति महोदय के अथक प्रयसो से इन संकायों में कुल 33 नवीन पद राज्य सरकार से स्वीकृत हुऐ है ।
2. राज्य सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को 87 शैक्षणिक व अशैक्षणिक वर्ग के पदो को भरे जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनकी भर्ती प्रकिया शीघ्र प्रारंभ की जा रही है।
3. कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण उपजी विकट परिस्थितियों के बावजूद प्रौ.चौधरी के प्रयासो से विद्यार्थियों के अध्यापन में कोई रूकावट न आये इस उद्वेश्य से विद्यार्थियों के लिये ऑनलाईन अध्यापन कार्य किया गया।
4. प्रौ.बी.आर. चौधरी के प्रयासो से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन्न आर्युवेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के साथ कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने औषधीय पौधो पर अनुसंधान कार्य करने का आपसी सहभागिता हेतु अनुबंध किया गया।
5. औद्योगिक सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गतत तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के आधारभूत एवं संरचनात्मक विकास हेतु रू. 20 लाख विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत किये गये है।
6. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष एससी–एसपी परियोजना के अंतर्गत 76 लाख रू प्राप्त हुऐ है।
7. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत इस एक वर्ष में 856 लाख रू. विश्वविद्यालय को प्राप्त हुऐ है।
8. प्रौ. बी. आर. चौधरी के अथक प्रयासो से 5 सीड हब (3 दालों पर, 1 तिल पर एवं 1 बाजरा) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत किये गये है।
9. प्रौ. चौधरी के कार्यकाल में विगत एक वर्ष में 2022 क्विंटल उन्नत बीज का उत्पादन विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों पर किया गया।

(डॉ बी एस भीमावत)